# माइंडरे इंडिया के प्रबंध निदेशक ने किया मानसरोवर मेडिकल कॉलेज का दौरा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** माइंडरे इंडिया के प्रबंध निदेशक स्टीवन माओ ने मानसरोवर मेडिकल कॉलेज एवं एमजीयू हॉस्पिटल का दौरा कर संस्थान की चिकित्सा सुविधाओं और स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उनका स्वागत मानसरोवर समूह के डायरेक्टर इंजी. गौरव तिवारी ने किया। कार्यक्रम में मानसरोवर विश्वविद्यालय की चांसलर मंजुला तिवारी, मेडिकल कॉलेज की फैकल्टी तथा विभिन्न विभागों के अध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

दौरे के दौरान स्टीवन माओ को अस्पताल में उपलब्ध अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों, उन्नत डायग्नोस्टिक सुविधाओं, गुणवत्तापूर्ण रोगी सेवाओं और चिकित्सा शिक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने संस्थान की आधुनिक स्वास्थ्य अवसंरचना और क्लिनिकल प्रशिक्षण प्रणाली की सराहना की। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं में नवाचार, चिकित्सा प्रौद्योगिकी के उपयोग और भविष्य में रोगी-केंद्रित सेवाओं को और बेहतर बनाने पर चर्चा हुई। संस्थान प्रबंधन ने बताया कि मानसरोवर मेडिकल कॉलेज एवं एमजीयू हॉस्पिटल भारत में माइंडरे की चिकित्सा तकनीकों का उपयोग करने वाले प्रमुख संस्थानों में शामिल है।

प्रबंधन ने कहा कि माइंडरे इंडिया के साथ सहयोग से आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद मिली है। दोनों संस्थानों ने भविष्य में भी तकनीकी सहयोग को मजबूत करने और स्वास्थ्य सेवाओं के स्तर को और ऊंचा उठाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# नन्हे मॉडल्स ने रैंप पर बिखेरा आत्मविश्वास, कनिका तिवारी और हरिओम जटिया ने बढ़ाया उत्साह

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** लालघाटी स्थित जीवाना विलेज रिसॉर्ट में आयोजित 'किड्स फैशन वीक इंडिया - भोपाल एडिशन' में 4 से 16 वर्ष आयु वर्ग के 135 बच्चों ने रैंप पर अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया। 'किड्स टुडे, स्टार्स टुमारो' थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने पारंपरिक और आधुनिक परिधानों में आकर्षक प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी।

कार्यक्रम का आयोजन इंडिया प्रीमियर रनवे एंड ब्यूटी पेजेंट द्वारा किया गया। शो के



मेंटर हरिओम जटिया मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे, जबकि फिल्म अभिनेत्री कनिका तिवारी ने सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच बच्चों के व्यक्तित्व विकास और रचनात्मक अभिव्यक्ति को नई दिशा देते हैं। हरिओम जटिया ने बताया कि फैशन वीक केवल रैंप शो नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास की सृजनात्मक यात्रा है। विभिन्न ग्रूमिंग सत्रों के माध्यम से बच्चों को स्टेज प्रेजेंस, कम्युनिकेशन स्किल्स और रनवे प्रेजेंटेशन का प्रशिक्षण दिया गया, जिसकी झलक फिनाले में स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

## एनडीपीएस एक्ट के फरार आरोपी को क्राइम ब्रांच ने पकड़ा

**नप्र, भोपालः** क्राइम ब्रांच भोपाल ने एनडीपीएस एक्ट के एक प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य उजागर किए हैं। आरोपी ने पूछताछ में करीब एक माह पहले भोपाल के दो आरोपियों को दो किलोग्राम गांजा बेचने की बात स्वीकार की है। पुलिस आयुक्त संजय कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मोनिका शुक्ला के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत क्राइम ब्रांच ने यह कार्रवाई की। पुलिस उपायुक्त अपराध अखिल पटेल, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त शैलेन्द्र सिंह चौहान तथा सहायक पुलिस आयुक्त चन्द्रभान सिंह चढ़ार के मार्गदर्शन में टीम फरार आरोपियों की तलाश कर रही थी। क्राइम ब्रांच के अनुसार अपराध क्रमांक 69/26 धारा 8/20, 29 एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार आरोपी अर्जुन गोस्वामी और मनीष शुक्ला से पूछताछ के दौरान मिले इनपुट के आधार पर टीम सीहोर जिले के शाहगंज थाना क्षेत्र स्थित ग्राम बांसगेहन पहुंची। यहां महेश चौहान (46) निवासी ग्राम बांसगेहन को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने अर्जुन गोस्वामी और मनीष शुक्ला को करीब एक माह पूर्व दो किलो गांजा बेचना स्वीकार किया।

## थाने के सामने महिला खनिज अधिकारी को धमकाया, खनन माफिया पर केस दर्ज

**नप्र, भोपालः** राजधानी के कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई के दौरान खनन माफिया द्वारा महिला खनिज अधिकारी और उनकी टीम को धमकाने का मामला सामने आया है।

आरोप है कि जब्त किए गए डंपरों को थाने लाए जाने के दौरान आरोपियों ने थाने के मुख्य द्वार पर पहुंचकर टीम का रास्ता रोक लिया और शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए धमकियां दीं। गुरुवार देर रात खनिज इंस्पेक्टर सुची माथुर अपनी टीम के साथ नीलबड़ चेकपोस्ट की ओर से आने वाले डंपरों की जांच कर रही थीं। बैरागढ़ चीचली क्षेत्र में संदिग्ध डंपरों को रोककर जांच की गई। कार्रवाई के दौरान कुछ चालक वाहन छोड़कर भाग गए, जिसके बाद टीम ने डंपरों को जब्त कर कजलीखेड़ा थाने पहुंचाया। आरोप है कि इसी दौरान डंपर मालिक राहुल यादव, ज्ञान सिंह यादव और उनके सहयोगी मौके पर पहुंचे तथा थाने के प्रवेश द्वार पर अपने वाहन खड़े कर टीम का रास्ता रोक दिया। आरोपियों ने महिला अधिकारी से अभद्रता करते हुए उन्हें नौकरी से हटवाने और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। घटना के बाद पुलिस ने बिना नंबर वाले डंपरों समेत अन्य वाहनों को भी जब्त कर लिया। खनिज इंस्पेक्टर की शिकायत पर राहुल यादव, ज्ञान सिंह यादव और अन्य के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, डराने-धमकाने तथा अवैध खनन एवं परिवहन से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। डीसीपी जोन-4 आदर्शकांत शुक्ला ने बताया कि आरोपियों को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए तलब किया जा रहा है।

## मानव संग्रहालय में 'नृत्य साधना' के साथ होगा कुचिपुड़ी कार्यशाला का समापन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में आयोजित 15 दिवसीय प्रोडक्शन ओरिएंटेड समर वर्कशॉप ऑन कुचिपुड़ी डांस का समापन 14 जून को विशेष मंचीय प्रस्तुति 'नृत्य साधना' के साथ होगा। कार्यक्रम शाम 5 बजे संग्रहालय सभागार, श्यामला हिल्स में आयोजित किया जाएगा। कार्यशाला का उद्देश्य भारतीय शास्त्रीय कलाओं के संरक्षण, संवर्धन और युवा पीढ़ी में सांस्कृतिक चेतना का विकास करना है।

संग्रहालय के निदेशक प्रो. अमिताभ पांडे ने बताया कि यह प्रस्तुति केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रतिभागियों की 15 दिनों की साधना, अनुशासन और कलात्मक विकास का प्रतिफल है। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को कुचिपुड़ी नृत्य की मूलभूत तकनीकों, ताल-लय, अभिनय, भावाभिव्यक्ति तथा मंचीय प्रस्तुति के विभिन्न आयामों का प्रशिक्षण दिया गया।

समापन समारोह में प्रतिभागी समूह और एकल प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इन प्रस्तुतियों में कुचिपुड़ी शैली की विशिष्ट गतियां, नाट्य तत्व, पारंपरिक सौंदर्य और आध्यात्मिक अभिव्यक्तियां देखने को मिलेंगी। कार्यक्रम दर्शकों को भारतीय शास्त्रीय नृत्य की समृद्ध परंपरा से परिचित कराएगा। कुचिपुड़ी भारत की प्रमुख शास्त्रीय नृत्य शैलियों में से एक है, जिसकी उत्पत्ति आंध्र प्रदेश में हुई। यह नृत्य शैली अपनी नाटकीयता, अभिव्यंजक अभिनय और सौंदर्यपूर्ण गतियों के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को केवल नृत्य प्रशिक्षण ही नहीं, बल्कि आत्म-अनुशासन, एकाग्रता, आत्मविश्वास और सामूहिक कार्य की भावना विकसित करने का अवसर भी मिला।

## एम्स में तीन वर्षीय कैंसर पीड़ित की मौत, मामले में दो नर्सिंग अधिकारियों पर एफआईआर

**नप्र, भोपालः** एम्स में कैंसर से पीड़ित तीन वर्षीय बच्चे की कथित चिकित्सकीय लापरवाही से हुई मौत के मामले में छह माह बाद पुलिस ने दो नर्सिंग अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। जांच में सामने आया कि बच्चे को दवा की जगह फॉर्मेलिन इंजेक्ट कर दिया गया था, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार सागर जिले के बीना क्षेत्र निवासी तीन वर्षीय सार्थक यादव को 15 दिसंबर 2025 को एम्स भोपाल में भर्ती कराया गया था। वह बी-सेल एक्यूट लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकेमिया (बी-एएलएल) नामक रक्त कैंसर से पीड़ित था। जांच में पता चला कि 16 दिसंबर को प्रस्तावित बायोप्सी प्रक्रिया के लिए लाई गई फॉर्मेलिन से भरी सिरिंज को सुरक्षित रखने के बजाय मरीज के बेड के पास छोड़ दिया गया था। अगले दिन ड्यूटी पर मौजूद नर्सिंग अधिकारी ने बिना जांच-पड़ताल किए उसी सिरिंज का उपयोग बच्चे की आईवी लाइन खोलने के लिए कर दिया। आरोप है कि बच्चे के पिता ने सिरिंज में दवा नहीं होने की आशंका जताते हुए नर्स को रोकने का प्रयास भी किया, लेकिन इंजेक्शन लगा दिया गया। इंजेक्शन लगने के बाद बच्चे की तबीयत बिगड़ गई और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई।

